**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**राज्य सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **2077** जिसका उत्तर
मंगलवार, 18 मार्च, 2025 (27 फाल्गुन, 1946 (शक)) को दिया जाना है

**नागपट्टिनम पत्तन पर क्रूज पर्यटन**

**2077 श्री एस. कल्याणसुन्दरम :**

**क्या पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने नागपट्टिनम पत्तन में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार की नागपट्टिनम पत्तन में राजेंद्र चोल की प्रतिमा स्थापित करने की कोई योजना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सागरमाला योजना के तहत 100% वित्तपोषण के साथ 10.47 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर 'नागपट्टिनम (भारत) से कांकेसंथुराई (श्रीलंका) तक यात्री फेरी सेवा के लिए नागपट्टिनम पत्तन अवसंरचना के उन्नयन' संबंधी परियोजनाएं शुरू की हैं।

**(ख):** जी, नहीं।

****